दनांकः 07.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में आज से टाइगर सफारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर वन तथा पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद रहे। इस सफारी पर करीब साढे चार करोड़ रुपये की लागत आई है। सफारी में फेंसिंग, आउटर ट्रेक, गार्ड रूम, वॉटर प्वॉइंट और 10 शेल्टर बनाए गए हैं। पर्यटकों के लिए आठ के आकार के दो सफारी ट्रेक तैयार किए गए हैं, जहां चार गाड़ियों के जरिए सैलानी बाघों को देख सकेंगे।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज राजस्थान पर्यटन विकास निगम और हुडको के बीच 415 करोड़ रुपये के एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस राशि से पर्यटन क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न तीर्थ स्थलों, स्मारकों और अन्य पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को और बेहतर अनुभव मिले, इसके लिए सरकार के प्रयास जारी रहेंगे।

----------

समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान पर्यटन विभाग के सचिव रवि जैन, पर्यटन निगम की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

000

प्रदेशभर में मौसमी बीमारियों से बचाव और इसकी रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में डीग जिले में लोगों को डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय सिंघल ने बताया कि आशा सहयोगिनियों के माध्यम से घर–घर जाकर सर्वे करवाया जा रहा है। इसके साथ ही मच्छरजनित बीमारियों से बचाने के लिए लोगों को मच्छर रोधी लोशन और मच्छरदानी का प्रयोग करने के लिए कहा जा रहा है। ब्यावर में कल शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से फॉगिंग करवाई गई। इसके साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एंटी लार्वा दवा का भी छिड़काव किया गया।

000

अजमेर में आज से जिला स्तरीय विज्ञान मेला आयोजित किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस मेले का आयोजन राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् उदयपुर की ओर से किया जा रहा है। मेले में जिले के 80 से अधिक स्कूलों के साढे चार सौ से ज्यादा विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इसमें जूनियर और सीनियर दो वर्गों में प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है जूनियर वर्ग में 6 से 8वीं कक्षा तथा सीनियर वर्ग में नवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। विज्ञान के अलावा गणित के मॉडल भी मेले शामिल किए जाएंगे। मेले में पर्यावरण और ऊर्जा जैसे विषयों पर मॉडल प्रदर्शित करने के साथ सेमिनार और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

000

जयपुर हैरिटेज नगर निगम हर घर में गीले और सूखे कचरे के लिए अलग अलग डस्टबिन रखने के लिए अभियान चला रहा है। इसके लिए निगम की टीम हर वॉर्ड में जाकर अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रही है। निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि टीम में हर वॉर्ड जनप्रतिनिधि और एक व्यक्ति को शामिल किया गया है। इस मुहिम को सार्थक बनाने में निगम स्वयं सहायता समूहों का सहयोग भी ले रहा है। साथ ही वार्डो में नुक्कड़ नाटक और स्वच्छता शपथ जैसे कार्यक्रमों के जरिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

000

वन विभाग की ओर से सवाईमाधोपुर में चल रहे वन्य जीव सप्ताह आज सम्पन्न हुआ। राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में हुए समापन समारोह में सप्ताह के दौरान की गईं गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण जागरुकता को लेकर रंगारंग प्रस्तुतियां भी हुईं। विभाग की ओर से सप्ताह भर तक आयोजित हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

000